CBSE Class 6 Social Science Important Questions Geography Chapter 6 हमारा देश : भारत

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत के दक्षिण में कौनसा महासागर स्थित है?
उत्तर:
हिन्द महासागर।

प्रश्न 2.
भारत को प्रायद्वीप क्यों कहा जाता है?
उत्तर:
भारत तीन ओर से जल से घिरा है, इसलिए यह प्रायद्वीप कहलाता है।

प्रश्न 3.
संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा में कितने मानक - समय है?
उत्तर:
संयुक्त राज्य अमेरिका में 7 एवं कनाडा में 6 मानक समय हैं।

प्रश्न 4.
दक्षिण में समुद्र में स्थित कौनसे दो द्वीप भारत के पड़ोसी हैं?
उत्तर:

- श्रीलंका
- मालदीव।

प्रश्न 5.
तेलंगाना पहले किस राज्य का भाग था?
उत्तर:
तेलंगाना पहले आंध्रप्रदेश का भाग था।

प्रश्न 6.
राज्यों के निर्माण का क्या आधार रहा है?
उत्तर:
राज्यों के निर्माण का आधार मुख्यतः भाषा रहा है।

प्रश्न 7.
जलोद निक्षेप क्या है?
उत्तर:
जलोढ़ निक्षेप नदियों के द्वारा लाई गई बहुत महीन मिट्टी होती है जो कि नदी बेसिन में निक्षेपित कर दी जाती है।

प्रश्न 8.
सहायक नदी से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
सहायक नदी एक नदी या सरिता है जो कि मुख्य नदी में किसी भी तरफ से आकर मिलती है तथा अपने जल को मुख्य नदी में विसर्जित करती है।

प्रश्न 9.
डेल्या क्या है?
उत्तर:
डेल्टा स्थल का वह भाग है जो नदी के मुहाने पर बनता है।

प्रश्न 10.
नदी का मुहाना किसे कहते हैं?
उत्तर:
जिस स्थान पर नदियाँ समुद्र में प्रवेश करती हैं, उस जगह को नदी का मुहाना कहते हैं।

प्रश्न 11.
सुनामी क्या है?
उत्तर:
सुनामी एक विशाल सागरीय तरंग है जो समुद्र तल पर भूकंप के कारण उत्पन्न होती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत विभिन्नता में एकता का देश है। स्पष्ट कीजिये।
उत्तर:
भारत: विभिन्नता में एकता: भारत एक विशाल देश है। यहाँ ऊँचे - ऊँचे पर्वत, भारतीय महामरुस्थल, उत्तरी मैदान, असमान पठारी सतह, तटीय भाग एवं द्वीपसमूह स्थलरूपों की विभिन्नता को दर्शाते हैं। यहाँ जलवायु, बनस्पति, वन्य जीवों के साथ - साथ भाषा एवं संस्कृति में भी बहुत भिन्नता है। इस भिन्नता में भी हम एकता को पाते हैं, जो हमारी परम्पराओं में दिखाती है। अतः हम कह सकते हैं कि भारत विभिन्नता में एकता का देश है।

प्रश्न 2.
भारत के अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार को बताइये।
उत्तर:
दक्षिण से उत्तर की ओर भारत की मुख्य भूमि का विस्तार 8°4' उ. तथा 37°6' उ. अक्षांशों के बीच है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक भारत का विस्तार 68°7' पू. तथा 9725' पू. देशांतरों के बीच है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
पश्चिम में गुजरात की अपेक्षा पूर्व के अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय लगभग दो घंटे पहले क्यों होता है?
उत्तर:
भारत एक विशाल देश है। इसका देशांतरीय विस्तार लगभग 29 है। इसके कारण इसके दो डोर पर स्थित स्थानों के स्थानीय समय में बहुत अधिक अंतर हो सकता था। इस तरह की दूरी पर स्थित दो स्थानों के बीच समय का अंतर लगभग दो घंटे का होगा। चौंकि प्रत्येक 1 देशांतर के लिए स्थानीय समय में 4 मिनट का अंतर हाता है। 82°30 पू. देशांतर के स्थानीय समय को भारत का मानक समय माना गया है। अतः पश्चिम में गुजरात की अपेक्षा पूर्व के अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय लगभग दो घंटे पहले होता है।

प्रश्न 4.
हिमालय का क्या आशय है? इसे कितनी श्रृंखलाओं में बाँटा गया है?
उत्तर:
हिमालय: हिमालय का आशय है, हिम + आलय - बर्फ का घर। हिमालय पर्वत को तीन मुख्य समानांतर श्रृंखलाओं में बांटा गया है:

- वृहत हिमालय या हिमादि - यह सबसे उत्तर में स्थित है।
- मध्य हिमालय या हिमाचल - यह हिमाद्रि के दक्षिण में स्थित है।
- शिवालिक - यह सबसे दक्षिण में स्थित है।

प्रश्न 5.
पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट के बारे में बताइये।
उत्तर:
पश्चिमी तथा पूर्वी घाट प्रायद्वीपीय पठार में स्थित हैं। इस पठार के पश्चिम में पश्चिमी पाट या सह्याद्रि तथा पूर्व में पूर्वी घाट स्थित है। पश्चिमी घाट का विस्तार एकसमान रूप में है, जबकि पूर्वी घाट बीच-बीच में टूटा हुआ तथा असमान है।

प्रश्न 6.
प्रवाल द्वीपों का निर्माण किस प्रकार होता है?
उत्तर:
प्रवाल द्वीपों का निर्माण: प्रवाल छोटे समुद्री जंतुओं के कंकाल हैं जिसे पॉलिप कहा जाता है। जब जीवित पॉलिप मरते हैं तब उनका कंकाल बच जाता है। अन्य पॉलिप की वृद्धि इन ठोस कंकालों के ऊपर होती है, जो बढ़ते - बड़ते काफी ऊँचे होते जाते हैं तथा इस प्रकार प्रवाल द्वीपों का निर्माण करते हैं।